## -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 20.09.2026**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा विभिन्न माध्यमों से धोखाधड़ी का शिकार होने वाले 03 पीड़ितो के खाते में कुल 2.86 लाख रुपए की धनराशि कराई गई वापस।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा टीम द्वारा साइबर धोखाधड़ी के विभिन्न मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए 03 पीड़ितों की कुल ₹2,86,255 (दो लाख छियासी हजार दो सौ पचपन रुपये) की धनराशि वापस कराई गई। साइबर ठगी के मामलों में पीड़ितों की धनराशि वापस कराए जाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे, जिसके क्रम में टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही की गई। थाना बिसण्डा क्षेत्र निवासी हरिकृष्ण गुप्ता के खाते से UPI के माध्यम से अनाधिकृत रूप से ₹89,999 का लेनदेन हो गया था, जिनकी पूरी धनराशि ₹89,999 वापस कराई गई। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र निवासी आदर्श मिश्रा के क्रेडिट कार्ड से एक लिंक के माध्यम से ₹1,00,068 की धनराशि कट गई थी, जिसे साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पूरी धनराशि ₹1,00,068 वापस कराई गई। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र निवासी मुकेश कुमार के मोबाइल में APK फाइल डाउनलोड करने के बाद उनके खाते से रुपए निकल गए थे जिसमें साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम द्वारा ₹96,188 की धनराशि वापस कराई गई। तीनों मामलों में कुल ₹2,86,255 की साइबर ठगी की धनराशि पीड़ितों को वापस कराई गई। धनराशि वापस मिलने पर सभी पीड़ितों द्वारा साइबर क्राइम पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए हृदय से धन्यवाद किया गया।

**बांदा पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि किसी भी अनजान लिंक, APK फाइल, संदिग्ध कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें और अपनी बैंकिंग/UPI संबंधी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं।**

**वापस करायी गई कुल धनराशि-**

- 03 पीड़ितो के कुल 2,86,255 रुपए।

**टीम का विवरण-**

1. श्री सुखराम सिंह प्र0नि0 थाना साइबर क्राइम पुलिस
2. उ0नि0 श्री प्रदीप कुमार सिंह
3. कां0 राजीव कुमार
4. कां0 हिमांशु वर्मा
5. कां0 ललित कुमार
6. कां0 राजेन्द्र परिहार
7. म0कां0 ज्योति उपाध्याय